गोलु कुमार राम

परियोजना–आटा, सतू एवं बेसन उत्पादन

परियोजना का नाम–(ओम शक्ति निशा फ्लावर मिल)

आवेदन संख्या– **CMSCST201804169**

उद्यमी गोलु कुमार, पिता–रमेश राम, ग्राम+पो0–खबसी, प्रखंड–बनियापुर, जिला–सारण, छपरा, बिहार का निवासी है। परिवार में 3 भाईयों में सबसे छोटा है और इनके पिताजी किसान का काम करते है। किसी तरह से भरन–पोषण हो रहा था। अपने पिता की परेशानी देखकर गोलु जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने पिता की मदद करना चाहता था। इसी क्रम में 2018 में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में पता चला तब इनहोने आवेदन किया। गोलु के अपने पिता के मदद करने की चाहत और लगन को देखकर इनके किश्मत ने भी इसका साथ दिया और अंतिम रूप से इनका चयन SC/ST कैटेगरी में हो गया। इनके परियोजना के लिए एक खास बात रही कि Raw-Material आसानी से इनके आस–पास और अपने कृषि योग्य भूमि से मिल जाता है। जिससे इनकी इकाई सफलता पूर्वक चल रही है। ये आस–पास के बाजारों में Finish product की सप्लाई करते है। साथ ही अपने गावों के 4–5 लोगों को रोजगार मुहैया करने का काम भी किया है।

इस तरह से गोलु के अपने पैरो पर खड़े होने एवं अपने परिवार की मदद करने की चाहत दोनो पूरी हुई, अब वो सफलता पूर्वक अपने घर रहकर इकाई का संचालन कर रहे है।